ACE/2021-22/179

Date-> 24/01/22

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

(परीक्षा शाखा)

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2022/36616 दिनांक : 21.01.2022

विज्ञप्ति

परीक्षा अनुभाग द्वारा पूर्व में जारी कार्यालय आदेश क्रमांक जनावि/परीक्षा/2021/34943 दिनांक 13.12.2021 के क्रम में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं जोधपुर संभाग के जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, पाली एवं बाड़मेर जिले के स्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय के विद्यार्थी) **वार्षिक पद्धती (केवल JNVU पाठ्यक्रम के अनुसार)** (बी.एड./बी.ए. बी.एड./बीएससी बी.एड./एलएल.बी./अभियान्त्रिकी संकाय एवं सेमेस्टर प्रणाली को छोड़कर) नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **वर्ष 2022** की आयोज्य विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थी अपना ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र ड्यू पेपर सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने एवं प्रिन्टेड आवेदन (हार्ड कॉपी) जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार होगी –

	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथियां	प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी) जमा कराने की अंतिम तिथियां
बिना विलम्ब शुल्क	15 फरवरी, 2022 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक	17 फरवरी, 2022 तक
50/– रुपये विलम्ब शुल्क सहित	02 मार्च, 2022 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 25 दिन तक	04 मार्च, 2022 तक
दुगुने परीक्षा शुल्क सहित	09 मार्च, 2022 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 45 दिन तक	11 मार्च, 2022 तक
चौगुने परीक्षा शुल्क सहित	16 मार्च, 2022 या पात्रता परीक्षा परिणाम घोषित होने के 60 दिन तक	21 मार्च, 2022 तक

नोट :– स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष (वार्षिक पद्धती) के नियमित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से घोषित की जायेगी।
आगामी तिथियों, परीक्षा शुल्क व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विस्तृत जानकारी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in **पर उपलब्ध रहेगी।**

आवेदको हेतु वेबसाइट पर विभिन्न परीक्षाओं हेतु अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रारूप उपलब्ध होंगे। आवेदक जिस परीक्षा में आवेदन करना चाहता है, उस परीक्षा/प्रारूप को चुने तथा ऑन-लाइन परीक्षा आवेदन-पत्र भरकर ऑन-लाइन प्रस्तुत (submit) करने के बाद परीक्षा आवेदन-पत्र एवं शुल्क जमा करने हेतु चालान का प्रिन्ट लें। आवेदक शुल्क जमा करने से पूर्व आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति का सावधानी से अवलोकन कर जाँच लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही हैं यदि सुधार की जरूरत है तो दूसरा आवेदन पत्र भरें।

अग्रेषण केन्द्र से आवेदन जांच करवाने के पश्चात् ही शुल्क जमा करावें। आवेदक BANK OF BARODA/ICICI बैंक एवं अन्य बैंकों के NEFT/RTGS सेवा नेट बैंकिगं (डेबिट कार्ड एवम क्रेडिट कार्ड) से भी शुल्क जमा करवा सकता है। शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदक विभिन्न तिथियों के अनुसार आवेदन की प्रिण्ट प्रति (Hard Copy) के साथ शुल्क जमा की प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा उसके द्वारा आवेदन की जा रही परीक्षा हेतु आवेदक को अर्हता प्रदान करने वाली परीक्षा से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रतियों एवं उसके वर्ग से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित विश्वविद्यालय के संबंधित संकायों/महाविद्यालयों में कार्यालय समयानुसार जमा करा सकता है।

नोटः– 1. अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष एवं स्नात्तकोतर प्रथम वर्ष उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने सतत् (continuing) पाठ्यक्रम परीक्षाओं हेतु इस विश्वविद्यालय में आवेदन नहीं करें।
2. सभी अग्रेषण अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप द्वारा आवेदन पत्र जांच कर विश्वविद्यालय को उपरोक्त वर्णित अंतिम तिथि से 10 दिवस में जमा करावें। नियत तिथि के पश्चात् यदि कोई आवेदन पत्र जमा नही होता है तो इसकी सम्पूर्ण रूप से जिम्मेदारी अग्रेषण अधिकारी एवं परीक्षार्थियों की होगी।
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यो को इस आशय का शपथ-पत्र परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा कि विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन भरवायें गये है।

(प्रो. के. आर. गेनवा)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2022/36616 दिनांक : 21.01.2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है –

1 सभी अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष।
2 प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय।
3 निदेशक, कमला नेहरू महाविद्यालय/सायंकालीन अध्ययन संस्थान।
4 वित नियत्रक /विश्वविद्यालय अभियन्ता।
5 निदेशक,इण्फोनेट, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
6 सभी सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी।
7 सचिव, छात्र सेवा मण्डल।
8 सभी वार्डन (छात्रावास)/चिकित्सा अधिकारी।
9 सचिव, कुलपति/निजी सहायक, कुलसचिव।
10 जन सम्पर्क अधिकारी।
11 परीक्षा विभाग की समस्त शाखाएं, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
12 सम्पादक राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति को प्रेषित कर लेख है कि जोधपुर संभाग मे (जोधपुर, पाली, बाड़मेर, जैसलमेर एवं जालोर जिले में) सशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित की जाये।

सहायक कुलसचिव

Forward to
Notice Board | Website | App
All HOD's | Ramesh Sharma for JNVU Record | Arvind Parihar for Info

Scanned by CamScanner